राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

कोविड–19 के संकट के दौरान भारत निर्माण में पत्रकारिता की भूमिका पर वेबीनार

पत्रकारिता समाज में सकारात्मक वातावरण बनाये

कोरोना मानवता व वायरस के मध्य संघर्ष है– राज्यपाल

जयपुर, 26 मई। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि पत्रकारिता ने समाज में एकजुटता पैदा की है, सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया है और लोगों के मन में सद्भाव का भाव जगाकर समाज को जोडा है। उन्होंने कहा कि इस नैतिक शक्ति ने कोविड–19 का डटकर मुकाबला करने में समाज को सक्षम बनाया है। राज्यपाल ने मीडिया के संवाददाताओं, छायाकारो और हॉकर्स को कोरोना वारियर्स बताते हुए उन सभी का अभिनन्दन किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र मंगलवार को यहां राजभवन से वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से कोविड–19 के संकट में भारत निर्माण में पत्रकारिता की भूमिका विषय पर आयोजित वेबीनार को सम्बोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि विशेषज्ञों की विषय विशेष पर दी गई सलाह का लेखन करना, कठिन कार्य होता है, लेकिन यह कार्य समाज में जागरूकता लाता है। लोग सचेत होते हैं और उचित सलाह के अनुसार कार्य सम्पादित करते है। राज्यपाल ने कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से ही महात्मा गांधी, राजा राममोहन राय और डॉ. अम्बेडकर जैसे विद्वानों ने लोगों को जागरूक किया । नारद जी पत्रकारिता के आधार स्तम्भ रहे, जिन्होंने सत्य व असत्य का समय–समय पर आकंलन किया। राज्यपाल ने कहा कि समस्या का आंकलन, उसका विश्लेषण और आमजन तक उसकी सच्चाई पहुँचाना कोई साधारण कार्य नही है। मीडिया ने कोविड– 19 के दौरान आम जन को केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा समय–समय पर दी एडवाइजरी, कोरोना वारियर्स द्वारा किये जा रहे कार्य और अन्य सावधानियों व सुविधाओं की जानकारी देकर सराहनीय कार्य किया है।

राज्यपाल ने कहा कि जब लोग कहते हैं कि उन्हें समाचारपत्र से जानकारी मिली है, तो यह धारणा मीडिया की विश्वसनियता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि कोविड–19 की स्थिति एक युद्व की भांति हैं। इस युद्व में मीडिया ने जान हथेली पर लेकर निर्भिकता से कार्य किया है। प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया की इस मेहनत की, जितनी प्रंशसा की जाये, उतनी ही कम है। श्री मिश्र ने कहा कि कोरोना महामारी है। यह मानवता व वायरस के मध्य का संघर्ष है। इस महामारी के दौरान लोगों के आत्मबल को डिगने नही देना है। मीडिया ने इस कार्य में बखूबी भूमिका निभाई है। इस तरह के सकारात्मक वातावरण से कोरोना को हम मात दे देगे।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि लोगों को जानकारी पहुॅचाना, पत्रकारिता का कार्य है। कोरोना से लडाने में मीडिया ने अग्रणी भूमिका निभाई । उन्होने कहा कि मीडिया के द्वारा उठाये गये सवालों पर राज्य सरकार कार्यवाही करती है। श्री भाटी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य में पत्रकारिता को बढावा दिया है। मुख्यमंत्री ने अपनी पहली ही बैठक में पत्रकारिता विश्वविद्यालय खोलने की पहल की। वेबीनार में हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति श्री ओम थानवी ने कहा कि संकट की घडी में मीडिया ने मर्यादा के साथ जिम्मेदारी को निभाया है। उन्होने कहा कि मीडिया का काम जानकारी देने के साथ, कमियों पर सवाल उठाना भी है। मानवीय दृष्टिकोण के साथ आलोचना करना भी जरूरी है। प्रारम्भ में अजमेर के महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति श्री आर.पी.सिंह ने सभी का स्वागत किया और वेबीनार की जानकारी दी।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल